**समाचार**

# निगम के दर्री जोन के 08 वार्डो को मिली 02 करोड़ 42 लाख रू.के विकास कार्यो की सौगात

## (प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किया गया विकास कार्यो का भूमिपूजन )



कोरबा 25 दिसम्बर 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन के 08 वार्डो को आज 02 करोड़ 42 लाख रूपये के नये विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में पृथक–पृथक स्थानों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में इन कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 48 अंतर्गत इतवारी बाजार में 19 लाख 08 हजार रूपये की लागत से नॉन–वेजीटेबल मार्केट का उन्नयन कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल दर्री में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत (कलमीडुग्गू धनवारपारा) में 05 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. छत एवं टाईल्स निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 05 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 49 अंतर्गत राजीवनगर में रामनारायण घर से लीला नायक घर तक गौरा चौरा से दुर्गा पण्डाल

तक एवं अरखित साहू घर से आर.डी.सिंह घर तक 15 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन हेतु 25 लाख रूपये की लागत से पचरी, सी.सी. रोड, गहरीकरण इत्यादि निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 52 अंतर्गत प्रा.शा. अयोध्यापुरी में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 अंतर्गत लारीपारा में स्कूल के पास से मुक्तिधाम तक एवं वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली में कबीर सदन के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 प्रा.शा. जमनीपाली में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत जमनीपाली कैलाश बीज भण्डार से सुराजी दास घर तक 20 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत गोपालपुर में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 कुमगरी में विभिन्न स्थानों में 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 बरेड़ीमुड़ा कुमगरी में सेमीपाली बी.टी. रोड में 19 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाना हैं। कलमीडुग्गू, अयोध्यापुरी व लारीपारा जमनीपाली में पृथक–पृथक आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा किया गया।

**<u>प्रदेश के साथ ही कोरबा के विकास को भी मिली तेजी गति</u>** – इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत 02 वर्षो में छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ–साथ कोरबा के विकास को भी तेज गति प्राप्त हुई है, विकास के साथ–साथ इस दौरान दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभांन्वित किया गया है। उन्होने कहा कि श्रद्धेय अटलबिहारी बाजपेयी जी की 101वीं जयंती के शुभ अवसर पर आज दर्री जोन के इन वार्डो में 02 करोड़ 42 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया, निगम क्षेत्र में प्रतिदिन नये–नये विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, विगत 02 वर्षो में निगम क्षेत्र में लगभग 800 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिसमें से कुछ पूर्ण हो चुके हैं, कुछ प्रगतिरत एवं प्रक्रियाधीन हैं। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होने दिया जाएगा, न ही धनराशि की कोई कमी होगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास को सही गति व दिशा दी गई है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तब विषम परिस्थितियों में भी उन्होने छत्तीसगढ़ की दशा व दिशा बदली और अब वहीं कार्य मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार भी कर रही है।

**<u>नहीं टूटेगा जनताजनार्दन का भरोसा</u>** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन को अपना विधायक चुना, मुझे अपना महापौर चुना, यह उनका हम पर भरोसा था, मैं यकीन दिलाती हूँ कि कोरबा की जनताजनार्दन का यह भरोसा कभी नहीं टूटेगा, उनका विश्वास सदैव कायम रहेगा। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है, जो आगे भी जारी रहेंगे। कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का भरपूर सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

**<u>प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने कार्य कर रही सरकार</u>** – इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को सम्पूर्ण विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, छत्तीसगढ़ सरकार की उनके इसी संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, कोरबा की तरह भी प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक रूप से विकास कार्य हो रहे हैं तथा आमजनता के हित में दर्जनों योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

**<u>अयोध्यापुरी में 40 लाख रू. से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा</u>** – अयोध्यापुरी सहित उक्त क्षेत्र के पार्षदों व नागरिकों की मांग पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अयोध्यापुरी में 40 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की, इस सामुदायिक भवन केनिर्माण से अयोध्यापुरी सहित आसपास की बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों में निवासरत आमनागरिकों के शादी विवाह व सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु एक सर्वसुविधायुक्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, राधा महंत, प्रीति दिनेश शर्मा, जनकसिंह राजपूत, सम्मतकुंवर कंवर,चंदा बाई, सीमाबाई कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, बंटी शांडिल्य, मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, पूर्व पार्षद डॉ.रमेशचंद पाण्डेय, कविता राजपूत, मनोज अग्रवाल, संजय कुर्मवंशी, ईश्वर साहू, अजय चन्द्रा, लक्की नंदा, नारायण सिंह, योगेश्वर गुप्ता, कालंदी राजवाड़े, चन्द्रिका मरकाम, विजय मिर्री, भोला राठौर, रामकुमारी यादव, उर्मिला साहू, विमला केंवट, अर्चना ठाकुर, मोहित मरकाम, निगम के जोन कमिश्नर तपन तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी, रितेश सिंह, आशमा डहरिया, किशोर साहू आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।